# कबाड़ से बने आकर्षक जुगाड़ देखकर आशर्य चकित हुए आयुक्त

**भिलाईनगर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर को साफ–सुथरा एवं व्यवस्थित बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शासन के तरफ से कबाड़ से जुगाड़ बनाने का थीम दिया गया था। जिसके तहत घरो से निकलने वाले अनउपयोगी सामग्री से स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा आकर्षक डिजाईन युक्त सामग्री बनाकर लोगो को बेच रही है। जिसको देखकर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय भी आशर्य करने लगे। जो सामग्री हम सबके घरो में अनउपयोगी कबाड़ के रूप में फेंक देते है। उसी सबके संकलन से निगम के गार्डनो में आकर्षक झुले, सोफा, कुर्सी, गमले, झुमर आदि बनाये गया है। जो लोगो के आकर्षन का केन्द्र बना हुआ है। बच्चे इसमें उपयोग करके ज्यादे आनंदित हो रहे है, एक छोटे प्रयास से अच्छा कार्य हो रहा है।